महत्वपूर्ण एवं खास

पेंशनधारियों ने सरकार से मांगा 9 प्रतिशत महंगाई भत्ता

जगदलपुर (आरएनएस)। छग पेंशनधारी कल्याण संघ ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से राज्य के पेंशनर्स के लिए नौ प्रतिशत मंहगाई भत्ता की मांग की है। अध्यक्ष केके द्विवेदी ने जारी बयान में बताया कि संघ की बैठक में यह कहा गया है कि पेंशनर्स के कल्याण के लिए सरकार को कदम उठाना चाहिए। इस बैठक में संरक्षक जेएस बामल, सचिव डीडी सिंह, कोषाध्यक्ष जेपी दानी, उपध्यक्ष एचवाई कुकड़े, केके मालवीय सहित अन्य ब्लाक के पदाधिकारी पहुंचे थे। इनकी आगामी बैठक लोकसभा चुनाव से पूर्व फरवरी-मार्च महीन में होगी।

भूपेश बघेल ने सीबीआई मामले में पूर्व मुख्यमंत्री पर साधा निशाना

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में सीबीआई को किसी भी कार्रवाई से पूर्व राज्य सरकार से अनुमति लिए जाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह पर निशाना साधते हुए कहा है कि डॉ. रमन सिंह की याददाश्त कमजोर हो रही है। बघेल ने कहा कि डॉ. रमन सिंह की सरकार द्वारा 19 जुलाई 2012 को एक अधिसूचना का प्रकाशन किया गया था, जिसमें यह उल्लेखित है कि सीबीआई को राज्य में किसी भी कार्रवाई के लिए छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति प्रत्येक प्रकरण के मेरिट के आधार पर मानी जाएगी। उन्होंने कहा कि इससे यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी की कथनी और करनी में अंतर है।

ट्रांसफार्मर की चिंगारी से गन्ने का खेत जलकर हुआ खाक, 20 एकड़ फसल जली

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय से 16 किमी दूर तेलीमारेंगा पंचायत के बड़े मारेंगा में अचानक गन्ने के खेतों में आग लग गई। किसानों के मुताबिक बिजली के ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से आगजनी हुई। देखते ही देखते यह आसपास के कई खेतों में फैल गई।

उत्तरी छत्तीसगढ़ में बदल सकता है मौसम का मिजाज

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान मौसम का मिजाज बदल सकता है। कनार्टका के पास बना सिस्टम इस समय महाराष्ट्र के निकट से गुजर रहा है। इसके चलते प्रदेश में नमीयुक्त हवा आने का क्रम शुरू हो गया है।

दो अलग-अलग सड़क हादसे में एक शिक्षिका समेत किसान की मौत

धमतरी. दो अलग-अलग सडक़ हादसे में एक शिक्षिका समेत किसान की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल 12 वर्षीय बच्ची को डीसीएच में प्राथमिक इलाज के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। अस्पताल पुलिस के मुताबिक गुरूर थाना के ग्राम पलारी निवासी शिक्षिका कामिन (32) पति योगेन्द्र साहू शुक्रवार की शाम 6 बजे अपनी 12 साल की बच्ची ईशा के साथ सामान खरीदने के लिए आमदी आई थी। वापस लौटते वक्त घर के सामने विपरीत दिशा से तेज रफ्तार आ रही बाइक क्रमांक सीजी 05 आर-0827 के चालक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना में शिक्षिका कामिनी साहू और उसकी बच्ची ईशा को गंभीर रूप से चोटें आई, जिसे राहगीरों की मदद से धमतरी मसीही अस्पताल लाया गया। यहां डाक्टरों ने चेकअप के बाद कामिन को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल ईशा को रायपुर रिफर कर दिया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इधर, दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने बाइक सवार युवक की जमकर खबर ली। बहरहाल, पुलिस ने पंचनामा और पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शिक्षिका की शव को परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया है कि वह ग्राम सांगली स्कूल में पदस्थी थी।

चौकीदार, चौकीदारी कर रहा है, पर किसकी : भूपेश बघेल

पीएम ने कहा था, ऐसा क्या किया है जो सीबीआई से डर रहे हैं?, ट्वीट कर सीएम ने दिया करारार जवाब

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में सीबीआई जांच के पूर्व अनुमति की अनिवार्यता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को आलोचना करते हुए कहा कि आखिर क्या गलत किया है जो सीबीआई से इतना डर रहे हैं?

इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर करारा जवाब देते हुए कहा कि हां, चौकीदार, चौकीदारी कर रहा है.. पर सवाल है किसकी? राफेल घोटाले की, जय शाह जादा की, नोटबंदी मे हुए हेराफेरी की, नीरव मोदी की, मेहुल की विजय माल्या की या ललित मोदी की। ज्ञात हो कि शनिवार को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश और अब छत्तीसगढ़ ने सीबीआई के राज्य में प्रवेश पर रोक लगा दी है। आखिर उन लोगों ने ऐसा क्या किया है जो इतना डर रहे हैं। आज वो सीबीआई के प्रवेश को स्वीकार नहीं कर रहे हैं तो कल किसी और संस्था को स्वीकार नहीं करेंगे। सुप्रीम कोर्ट, ईजी, सीएजी, सेना और पुलिस सभी गलत है, वह एक सही हैं। इधर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने हाल ही में यह बात स्पष्ट की है कि पूर्ववती सरकार ने सीबीआई के प्रवेश को लेकर भी रोक लगाई थी। भाजपा शासनकाल में एक अधिकारी ने यह पत्र जारी कर दिया था कि सीबीआई को राज्य में जांच के लिए अनुमति की अनिवार्यता नहीं है। जब भाजपा सरकार को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने इसका खंडन किया था। अ

लोस चुनाव : राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने 15 को दिल्ली जा सकते हैं सीएम

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जल्द ही दिल्ली दौरे पर रवाना हो सकते हैं। बताया जाता है कि श्री बघेल 15 और 16 जनवरी को दिल्ली प्रवास पर जा सकते हैं। दिल्ली में उनकी कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात और लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा होनी है।

सूत्रों की माने तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के विदेश प्रवास पर होने के कारण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली दौरा टल गया था। अब कहा जा रहा है कि वे 15 जनवरी को दिल्ली रवाना हो सकते हैं। देश में होने वाले आमचुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तैयारियों, जवाबदेही तय करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर उनकी चर्चा प्रस्तावित है। इसके अलावा राष्ट्रीय अध्क्ष राहुल गांधी के प्रस्तावित 28 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास को लेकर भी चर्चा होगी। बताया जाता है कि पीसीसी चाहती है कि लोकसभा चुनाव के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का रायपुर, बस्तर सहित एक-दो स्थानों पर सभा प्रस्तावित है। संभावित तिथियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष से समय लेना अनिवार्य है। लिहाजा पीसीसी चाहती है कि कार्यक्रमों को अंतिम रूप देने के पूर्व और जवाबदेही तय करने के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की अनुमति मिल जाए। इधर देश में होने वाले आम चुनाव को लेकर भी राष्ट्रीय अध्यक्ष से सीएम श्री बघेल की विस्तृत चर्चा होनी है।

सीएम का ट्वीट : धान के कटोरे को दारू का कटोरा बना दिया

समाज के हर वर्ग से चर्चा के बाद लिया जाएगा शराबबंदी पर फैसला

शराबबंदी को लेकर भाजपा के लगातार हमला जारी रखने के बाद अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा कि-जिन्होंने धान के कटोरे को दारू का कटोरा बना डाला वह किसी मुंह से शराबबंदी की बात कर रहे हैं। हम शराबबंदी करेंगे अवश्य करेंगे लेकिन नोटबंदी की तरह नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से चर्चा कर फैसला लिया जाएगा। हां, इसमें कुछ वक्त जरूर लग सकता है।

विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद अब भाजपा ने राज्य सरकार को घेरने के लिए शराबबंदी को अपना प्रमुख मुद्दा बनाया हुआ है। शराबबंदी के मुद्दे पर भाजपाई, सरकार को घेरने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। इधर राज्य की कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपाईयों को करारा जवाब देते हुए ट्वीट करके कहा कि-जिन्होंने धान के कटोरे को दारू का कटोरा बना डाला वह किसी मुंह से शराबबंदी की बात कर रहे हैं। हम शराबबंदी करेंगे अवश्य करेंगे लेकिन नोटबंदी की तरह नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग से चर्चा कर फैसला लिया जाएगा। हां, इसमें कुछ वक्त जरूर लग सकता है।

जीआरपी के हत्थे चढ़ा शातिर मोबाइल चोर

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे स्टेशन और स्टेशन परिसर में यात्रियों की मोबाइल चोरी करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 4 नग चोरी किया गया मोबाइल जब्त कर लिया गया है। जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम शेख आलम पिता शेख ईदू 25 वर्ष निवासी चूनाभट्ठी थाना गंज है। आरोपी लंबे समय से रेलवे स्टेशन और स्टेशन परिसर में सक्रिय रहकर यात्रियों के मोबाइल आदि पार करता था। आरोपी के निशाने पर ऐसे यात्री होते थे जो रेलवे स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करते थे और चार्जिंग के लिए अपना मोबाइल लगाकर रखते थे। आरोपी यात्रियों का ध्यान भटकते ही उनका मोबाइल पार कर देता था। आरोपी के कब्जे से 4 नग मोबाइल जब्त किया गया जिसकी कीमत करीब 51 हजार 399 रूपए आंका गया है।

अजीत जोगी को अस्पताल से किया गया डिस्चार्ज

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रमुख अजीत जोगी की तबियत बिगड़ने पर उन्हें कल रात राजधानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत में सुधार आने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

सूत्रों की माने तो शनिवार रात को जनता कांग्रेस प्रमुख अजीत जोगी की तबियत अचानक बिगड़ गई थी। उन्हें तत्काल शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उनकी स्थिति में सुधार आई। रात में चिकित्सकों ने उन्हें अपनी निगरानी में रखा और हालात स्थिर होने तथा स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। अस्पताल सूत्रों की माने तो श्री जोगी की इंफेक्शन के चलते तबियत बिगड़ी थी, अस्पताल में समुचित उपचार और चिकित्सकों के देखरेख के बाद उनकी हालात सामान्य हो गई थी, इसके बाद ही उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है। ज्ञात हो क श्री जोगी इसके पूर्व भी इंफेक्शन के चलते बीमार हो गए थे और उन्हें मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

समर्पित महिला नक्सली शबनम के परिजनों ने नक्सली भय से छोड़ा गांव

जगदलपुर (आरएनएस)। पूर्व में पुलिस के समक्ष समर्पित महिला नक्सली शबनम के परिजनों को नक्सली चेतावनी देकर उन्हें गांव छोड़ने के लिए विवश कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अब समर्पित महिला नक्सली शबनम जो पूर्व में एरिया कमेटी की सदस्य थी। उसकी बड़ी बहन को नक्सलियों ने अपनी बहन के साथ संपर्क रखने के आरोप में चेतावनी देकर गांव छोड़ कर जाने का निर्देश दिया है। अब उसकी बड़ी बहन अपनी जान बचाने के लिए शहर पहुंचकर गुमनाम जीवन बिताने के लिए विवश है। वहीं उसका पूरा परिवार भाई व भाभी सहित गांव छोड़ चुके हैं। इस संबंध में यह उल्लेखनीय है कि इस समर्पित महिला नक्सली शबनम को पुलिस ने गोपनीय सैनिक पद से हटाकर उसे बेरोजगार कर दिया है।

एंबुस चेकिंग : 108 यात्रियों से रेलवे ने वसूला 26 हजार जुर्माना

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन ने कल भिलाई और पावर हाउस रेलवे स्टेशन के मध्य एंबुस चेकिंग अभियान चलाकर कुल 108 यात्रियों से जुर्माना के रूप में 26000 रूपए वसूल किया। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के वरिष्ठ अफसरों के निर्देश पर 14 टीटीई, आरपीएफ की टीम को लेकर दोपहर 12 बजे से औचक निरीक्षक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान विभिन्न लोकल, एक्सप्रेस और मेल जैसे ट्रेनों में एंबुस लगातार चेकिंग अभियान चलाया गया।

गैस सिलेंडर में रिफलिंग के दौरान लगी आग से दुकान जलकर खाक

जांजगीर चांपा (आरएनएस)। केरा रोड स्थित दुर्गा सायकल स्टोर दुकान में आज सुबह एलपीजी गैस सिलन्डर रिफिं ग करते समय अचानक आग लग गयी । आग धीरे-धीरे पूरे दुकान मे फैल गई। दुकान संचालक ने मौके से भाग कर अपनी जान बचाई , वही आग की लपटे ज्यादा होने के कारण पूरे दुकान मे फैल गई। बताया जा रहा है। सायकल दुकान मे स्टोर मे अवैध पटाके व गैस सिंलेटर का स्टोर रखा जाता था। आग स्टोर तक पहुचं गई और जिससे सिलेंडर और पटाखे में भी आग पकड़ ली। आग से आसपास के लोगो मे अपरा तपरा मच गई, सब अपना जान बचा कर दुकान से बाहर भागने लगे। दुकान के आसपास रिहायसी इलाका होने के कारण आग आसपास के दुकान में भी पहुच गई, आसपास कपडे, फुटवेयर दुकान में आग के लपटे से जल गये। घंटो बाद सूचना पर दमकल पहुचकर आग पर काबु पाने की कोशिश कर रही है।

घने कोहरे की वजह से टूरिस्ट बस और ट्रक में जबरदस्त टक्कर, एक महिला की मौत, 3 की हालत गंभीर, 30 पर्यटक घायल

मुजफ्फरपुर। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में रविवार सुबह घने कोहरे की वजह से टूरिस्ट बस और ट्रक में टक्कर हो गई। हादसे में बस ड्राइवर और एक महिला की मौत हो गई। 30 पर्यटक घायल हैं। इनमें 3 की हालत गंभीर है। हादसा सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर एनएच-77 पर भनसपट्टी होटल के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक टूरिस्ट बस उत्तराखंड की है और यह काठमांडू से वापस लौट रही थी। भनसपट्टी हाइवे होटल के पास सुबह करीब 7 बजे सामने से आ रहे बालू से लदे ट्रक ने टूरिस्ट बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी टूरिस्ट बस के परखचे उड़ गए। बस का ड्राइवर दिनेश पांडे टक्कर के बाद केबिन में फंस गया। कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले का रहने वाला था। रुनीसैदपुर थाना प्रभारी गोरख राम ने बताया कि सभी घायलों को एसकेएमसीएच ले जाया गया।

चार लोगों को रुनीसैदपुर पीएचसी में भर्ती कराया गया है।

मकर संक्रांति पर जरूर करें इन चीजों का दान, घर में बनी रहेगी सुख-समृद्धि

जब सूर्य धनु राशि को त्यागकर मकर राशि में प्रवेश करता है तो इसे संक्रांति पर्व माना जाता है और इस पर्व को मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग पुण्य फल की प्राप्ति के लिए गंगा या पवित्र सरोवर में स्नान करते हैं, मंदिर में जाकर पूजा - अर्चना करते हैं और गाय को हरा चारा खिलाते हैं। मकर संक्रांति पर पूरे दिन दान - पुण्य का दौर चलता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन दान करने से किए गए दान का विशेष फल मिलता है। वहीं अगर मकर संक्रांति के दिन कुछ खास चीजों का दान किया जाए तो इससे व्यक्ति को सौ गुना फल की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं मकर संक्रांति पर किन - किन चीजों का दान करना माना जाता है बहुत शुभ, मकर संक्रांति पर खिचड़ी का दान करना बहुत ही शुभ माना जाता है, कुछ लोग चावल में मूंग की छिलके वाली दाल मिलकार खिचड़ी का दान करते हैं तो कुछ लोग उड़द की काली दाल की खिचड़ी का दान कर पुण्य फल प्राप्त करते हैं। आप अपनी श्रद्धा के अनुसार किसी भी दाल की खिचड़ी का दान कर सकते हैं। मकर संक्रांति पर तिल और गुड का दान करने का विशेष महत्व है, इस दिन अगर काले तिलों का दान किया जाए तो इससे व्यक्ति को सुख - समृद्धि की प्राप्ति होती है। वहीं कुछ लोग इस दिन गुड और तिल के लड्डू बनाकर दान करते हैं। गुड तिल के लड्डू बनाकर गरीबों को दान करने से व्यक्ति को किए गए दान का दोगुना फल प्राप्त होता है।

प्याज का रस बढ़ाए चेहरे की खूबसूरती, इस्तेमाल करें ऐसे

आपको शायद ही भरोसा होगा कि प्याज जैसी चीज का इस्तेमाल खूबसूरती बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। लेकिन प्याज के रस में कुछ ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो आपकी त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। आज हम आपको प्याज के ऐसे ही गुणों और उनके इस्तेमाल के बारे में बताते हैं।

चेहरे के दाग हटाए

अगर आप प्याज के रस को नींबू या दही में मिलाकर चेहरे पर लगाएं तो चेहरे का कालापन और काले धब्बों को दूर करने में फायदा हाता है। इसके लिए एक चौथाई चम्मच प्याज का रस और उतना ही नींबू का रस मिलकार चेहरे पर लगाए और फिर 10-15 मिनट बाद चेहरे को धो लें।

मस्सों से छुटकारा

ताजा तुलसी के पत्ते और प्याज का पेस्ट मस्से वाली त्वचा पर लगाकर तीन घंटे के लिए छोड़ दें और फिर पानी से साफ करें। ऐसा करने से मस्सों से छुटकारा मिलता है।

मुहांसों में फायदा

प्याज के रस में जैतून का तेल मिलाए और इसे मुहांसों के ऊपर लगाए। नियमित रूप से ऐसा करने से पिंपल्स का जल्द ही साफ हो जाएगा।

ये बरसों से इस्तेमाल होने वाले घरेलू नुस्खे हैं और अक्सर कारगर साबित होते हैं। लेकिन आप इनके इस्तेमाल से पहले किसी अच्छे डॉक्टर से संपर्क कर पूछ लें कि आपकी स्किन के हिसाब से ये आपको फायदा करेंगे कि नहीं।

प्रिया मलिक नजर को लेकर उत्साहित

भिनेत्री प्रिया मलिक टीवी शो नजर में अपने भूमिका के लिए डायन का अवतार पाकर बहुत उत्साहित हैं। अभिनेत्री शो में दो सिर वाली डायन के रूप में दिखाई देंगी। प्रिया ने एक बयान में कहा, जब मुझसे इस भूमिका के लिए संपर्क किया गया तो मैं एक ऐसा किरदार करने के लिए बेहद रोमांचित थी, जो भारतीय टेलीविजन पर न तो अब तक देखा गया और न ही सुना गया। मैं एक ऐसी डायन का किरदार निभा रही हूं, जो बहुत ही शक्तिशाली है और वह शो में एक अप्रत्याशित मोड़ लेकर आएगा। उन्होंने कहा, हिंदी फिक्शन में अपना सफर शुरू करने के साथ मैं एक ऐसा शो व किरदार चुनना चाहती थी, जो दर्शकों के दिमाग पर असर छोड़े व वे अपनी स्क्रीन से चिपक जाएं और इसने मुझे किरदार की ओर आकर्षित किया। अभिनेत्री ने कहा कि स्टार प्लस के शो अपने विभिन्न महिला किरदारों के माध्यम से अपने सबसे मजबूत प्रारूप में अदम्य ऊर्जा का प्रसार करते हैं। उन्होंने कहा, दर्शक मुझे पर्दे पर कभी न देखे गए अवतार में देखेंगे।

कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है : माधुरी दीक्षित

अभिनेत्री माधुरी दीक्षित नेने का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन के हर किरदार, कलाकार से लेकर पत्नी व मां बनने तक के सफर में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है। माधुरी ने कहा, मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे अच्छे गाने मिले और अद्भुत कोरियोग्राफर के साथ मिलकर इस तरह के यादगार गीत बने, जिन्हें पसंद किया गया और अभी तक उन्हें इतना अधिक पसंद किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, और, कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। सफल होने के लिए 2 प्रतिशत प्रतिभा और 98 प्रतिशत कड़ी मेहनत होती है। मैंने अपने जीवन में हर भूमिका में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की है, चाहे वह अभिनेत्री की हो, नर्तकी की हो या फिर पत्नी और मां की हो।

माधुरी ने टेलीविजन चैनल स्टार प्लस के डांस प्लस 4 का हिस्सा बनने पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने कहा, नृत्य के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में हर रोज आगे बढ़ना और अभ्यास शामिल हैं।

फिल्मों की बात की जाए तो वह जल्द ही कलंक और टोटल धमाल में दिखाई देंगी।